डाक पंजीयन RJ/WR/27/L4/2000 R.N.I. 57931/93

औषध क्षेत्र का प्रमुख समाचार पत्र

दवा चर्चा

प्रधान सम्पादक रोशन लाल प्रभाकर पाक्षिक

25 अप्रैल 2001 हनुमानगढ़

कैंसर की हर्बल दवा कर्कटोल परीक्षण में सुरक्षित

जयपुर- प्राचीन ग्रंथो व भारत सरकार द्वारा मान्य 8 वनस्पतियों का शुद्ध मिश्रण जान लेवा बीमारी कैंसर के निदान हेतु वैद्य नन्दलाल तिवाड़ी जयपुर निवासी ने तैयार किया है और इसे कर्कटोल के नाम से प्रस्तुत किया है।

कैंसर की इस औषधि का देश के प्रसिद्ध शीर्षस्थ एलौपैथिक चिकित्सा संस्थान " अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान" नई दिल्ली के भैषज विशेषज्ञ (फार्मोकालोजी) विभाग नें भी परीक्षण के पश्चात इसे पूर्ण रूप से सुरक्षित व निरापद घोषित किया है। जांच रिपोर्ट में एम्स के पूर्व प्राचार्य डा. जगननाथ शर्मा एम. डी. इस औषधि से कैंसर पीड़ितों को मिलने वाले लाभ की पुष्टि कर चुके हैं।यही नहीं लन्दन की प्रतिष्ठित लाइन मार्टन एण्ड रेड फोर्ड लैव ने भी श्री तिवाड़ी द्वारा जड़ी बूटियों से तैयार किए गये इस अदभुत आयुर्वेदिक यौगिक का परीक्षण कर इसे निर्दोष सिद्ध किया है। इंग्लैंड की इस नामी प्रयोगशाला के प्रमुख दवा विश्लेषक केरोली आर व्यायकेट ने कर्कटोल का बारीकी से विश्लेषण करने के वाद इसे सन्तोषप्रद तथा मानवीय उपयोग के लिए सुरक्षित करार दिया है। यह दवा कैंसर की वहु प्रचलित दवाओं, रेडियोथेरेपी, कीमोथैरेपी की तरह रोगी के शरीर पर जहरीला दुष्ट प्रभाव नहीं डालती। देश-विदेश के कई एलोपैथिक चिकित्सक भी इस दवा से अपने कैंसर पीड़ित परिजनों का उपचार करा चुके हैं। वैद्य नन्दलाल तिवाड़ी का पता है 2/13, मालवीय नगर, जयपुर-17 फोन: 521224, 521318